संचालनालय, संस्कृति एवं पुरातत्व
महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय, घड़ी चौक के पास, सिविल लाइन
रायपुर-492001, छत्तीसगढ़
E-mail: deptt.culture@gmail.com, deptt_culture@yahoo.co.in, **Website:** www.cgculture.in
Phone No.: 0771-2537404, Tele.Fax.:0771-2234731

क्र. 60 /सं.पु./संस्कृति/राज्यो./20 रायपुर, दिनांक 9/10/2020

दाऊ मंदराजी लोक कला सम्मान 2020

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक कला के क्षेत्र में दीर्घ साधना तथा उपलब्धियों को सम्मानित करने, मान्यता देने एवं प्रतिष्ठित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय **'दाऊ मंदराजी लोक कला सम्मान'** स्थापित किया गया है, जिसके लिए प्रविष्टियां/अनुशंसाएं आमंत्रित है।

1. चयन समिति की अनुशंसा पर शासन द्वारा अंतिम रूप से घोषित एक व्यक्ति/ संस्था को दो लाख रूपये नगद और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
2. सम्मान के लिए निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रविष्टियां ईमेल पर आमंत्रित की जाती है।
   - स्वयं अथवा आपके द्वारा सम्मान हेतु नामांकित किए जाने वाले लोक कलाकार/संस्था का नाम, पूर्ण परिचय व पता।
   - लोक कला के क्षेत्र में किए गए कार्यो का सप्रमाण विवरण।
   - पूर्व में अन्य कोई सम्मान प्राप्त हुआ हो तो उसका विवरण।
   - चयन होने की स्थिति में सम्मान ग्रहण करने के संबंध में संबंधित चयनित लोक कलाकार/संस्था की लिखित सहमति आवश्यक होगी।
3. प्रविष्टियां संबंधी जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cgculture.in पर भी देखी जा सकती है।
4. प्रविष्टियों की **अंतिम तिथि 18/10/2020** है तथा प्रविष्टियां विभाग के मेल आईडी rajyaalankaranculture@gmail.com पर स्वीकार की जाएंगी। प्रविष्टियों के लिए ईमेल में विषय- **"दाऊ मंदराजी लोक कला सम्मान 2020"** स्पष्ट अंकित किया जावे। मेल का आकार 10 एम.बी. तथा पीडीएफ, इमेज सहित ए-4 साईज कुल 20 पेज अधिकतम स्वीकार होंगी।
5. प्रस्तुत की गई प्रविष्टियां के संबंध में कोई भी पत्रचार मान्य नहीं होगा।

संचालक
संस्कृति एवं पुरातत्व